वार्षिक रिपोर्ट

समग्र शिक्षा, ओड़िशा

2022-23

ओड़िशा स्कूल शिक्षा कार्यक्रम प्राधिकरण (ओसेपा)
विद्यालय एवं गणशिक्षा विभाग
ओडिशा सरकार
शिक्षा शौध, यूनिट – V, भुवनेश्वर – 751001

समग्र शिक्षा ओड़िशा

वार्षिक रिपोर्ट

2022 - 23

ओड़िशा स्कूल शिक्षा कार्यक्रम प्राधिकरण (ओसेपा)
शिक्षा शौध, यूनिट-V, भुवनेश्वर-751001
Web : osepa.odisha.gov.in

मुख्य संपादक

श्री अनुपम साहा, आई.ए.एस

राज्य परियोजना निर्देशक, ओसेपा

संपादन मंडल

- श्री भगवान बेहेरा, एडीजी, ओसेपा
- श्री सरोज कुमार बेहरा, संयुक्त निर्देशक, ओसेपा
- श्रीमती आरती राउत, संयुक्त निर्देशिका, ओसेपा
- श्रीमती सुदेष्णा कर, एफएऔरसीएओ, ओसेपा
- श्री रमेश चंद्र सेठी, संयुक्त निर्देशक, ओसेपा
- श्रीमती सुरेखा तराई, संयुक्त निर्देशिका, ओसेपा
- श्रीमती राजश्री पटनायक, संयुक्त निर्देशिका, ओसेपा
- श्रीमती अमिता पटनायक, संयुक्त निर्देशिका, ओसेपा
- श्रीमती सौदामिनी दास, संयुक्त निर्देशिका, ओसेपा
- श्रीमती नलिनी कुमारी साहू, उप निर्देशिका, ओसेपा
- श्री महेश्वर साहू, उप निर्देशक, ओसेपा
- श्रीमती निरूपा बेहेरा, उप निर्देशिका, ओसेपा
- श्रीमती कल्पना हाँसदा, उप निर्देशिका, ओसेपा.
- श्रीमती सी.एच. विजयालक्ष्मी, सह निर्देशिका, एमआईएस
- सुश्री लिपिका साहू, सह निर्देशिका, टीई और एससीईआरटी

सदस्य संयोजक

- श्री दीपक राय, सह निर्देशक (योजना)

समन्वयक

- श्रीमती निवेदिता महापात्र, वित्तीय अधिकारी
- सुश्री सुप्रिया प्रधान, खरीदी अधिकारी
- श्री आर.के. पाणी, वित्तीय सलाहकार
- श्रीमती एस. एस. स्वरूपा, योजना समन्वयक
- श्रीमती जूथिका आचार्य, प्रोग्रामर
- डॉ. नंदिता मंजरी रथ, शिक्षाशास्त्र समन्वयक

ओसेपा

ओड़िशा स्कूल शिक्षा कार्यक्रम प्राधिकरण (ओसेपा) एस एंड एमई विभाग, सरकार के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत एक स्वायत निकाय है। यह समान गुणवत्ता वाली शिक्षा के सार्वभौमीकरण की दृष्टि से सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, १८६० के तहत पंजीकरण संख्या १९९६४/१९२ के साथ ३० जनवरी, १९९६ को पंजीकृत हुआ। इस दिशा में प्रयास, जो ओड़िशा प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम प्राधिकरण के तहत योजनाओं के कार्यन्वयन के साथ शुरू हुआ, २०१८ तक जारी रहा और समग्र शिक्षा, ओड़िशा की शुरूआत के बाद ओड़िशा स्कूल शिक्षा कार्यक्रम प्राधिकरण (ओसेपा) के तहत शामिल हो गया।

समग्र शिक्षा कार्यान्वयन समितियों के रूप में ओसेपा ने स्कूली शिक्षा में लिंग अंतर को पाटने, प्राथमिक और माध्यमिक से उच्चतर माध्यमिक स्तर तक पहुँच, ड्रॉपआउट दर में कमी, बुनियादी ढांचा सुविधा प्रदान करने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रावधान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। संस्थान का विश्वास है कि समान गुणवत्ता वाली शिक्षा तभी संभव है जब समाज में शैक्षिक सफलता को उसके परिणाम से मापा जा सके, न कि उसके संसाधनों से।

ओसेपा को स्कूली शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर काम करने वाले पेशेवरों की एक बहु – विषयक कोर टीम पर गर्व है। प्रशिक्षण और क्षमता विकास को सुविधाजनक बनाने के प्रयास में संस्थान में कक्षा - कक्ष, संगोष्ठी हॉल और वीडियो – कॉन्फ्रेंसिंग आदि कई अत्याधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध हैं। ओसेपा विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर – राष्ट्रीय दिवस मनाता है।

ओसेपा के पास एक वर्चुअल मॉनिटरिंग मैकनिज्म, विद्या समीक्षा केंद्र, डेटा प्रबंधन, ई – डिस्पैच सिस्टम, मीडिया प्रबंधन विंग, वीडियो कॉन्फ्रेंस सुविधा के साथ विशेष रूप से छात्र कैंद्रिक पुस्तकें, जर्नल्स, संपादकीय, करेंट एफेयर्स आदि मुख्य बातोंपर आधारित अच्छी पुस्तकें पुस्तकालय में उपलब्ध हैं।

ओसेपा स्कूली शिक्षा की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए राज्य और नागरिक समाज संगठनों में विभिन्न विभागों, शैक्षणिक, अनुसंधान और तकनीकी संगठनों के साथ रणनीतिक साझेदारी के माध्यम से काम करता है।

इस प्राधिकरण का उद्देश्य सभी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना और युवा पीढ़ी को बेहतर नागरिक बनाना है। इसके लिए स्कूल और जन शिक्षा विभाग, ओड़िशा सरकार की देखरेख में नियमित रूप से विभिन्न नई योजनाएँ और पहलें की जाती हैं। इन योजनाओं और पहलों ने स्कूलों में बढ़ते नामांकन के रूप में लाभांश देना भी शुरू कर दिया है।

अस्वथी. एस, आईएएस
आयुक्त-सह-सचिव, ओड़िशा सरकार
और सह-उपाध्यक्ष, ओसेपा

ओड़िशा सरकार
स्कूल और जन शिक्षा विभाग
लोक सेवा भवन, भुवनेश्वर-751001
कार्यालय : 0674-2536631
ई-मेल : secysme@gmail.com

संदेश

ओड़िशा में शिक्षा परिदृश्य में हाल ही के वर्षों में उल्लासनिया प्रगति देखी गई है। ऐसी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए हमारे प्रयास में मुख्य विशेषताओं और उपलब्धियों को साझा करने पर मैं गर्वित हूँ। जैसे हम अंतर्दृष्टि इकट्ठा करते हैं और वार्षिक रिपोर्ट तैयार करते हैं वैसे सभी को समान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की प्रतिबद्धता पर विचार करना अनिवार्य है ; विशेषतः सतत् विकास लक्ष्य (एसडीजी) IV के प्रकाश में, जो यह सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर देता है कि हर लड़की और लड़के को २०३० तक मुफ्त, न्यायसंगत और गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा प्राप्त होगी।

शिक्षा विभाग में हमारा प्रयास गुणात्मक शिक्षा के लिए मुख्य उद्देश्य रहा है। राज्य सरकार ने स्कूली शिक्षा को सुनिश्चित करने के लिए समय और संसाधन को समर्पित किया है। सालों - साल हमने राज्य भर अधिगम परिणामों को विकास करने के लिए बहु प्रयत्न और नवीन पहल प्रारंभ की है। तत्सहित पिछले कुछ वर्षों से हम महत्वपूर्ण समय और संसाधन भी समर्पित करते आ रहे हैं।

ओसेपा वार्षिक रिपोर्ट का एक अनिवार्य घटक मौजूदा गतिविधियों का कार्यान्वयन है। इसके आवंटित बजट और समय सीमा पर ध्यान करते हुए विभिन्न उपायों से स्थिति की व्यापक चर्चा होती है। यह रिपोर्ट मूल्यवान संसाधन संस्थागत क्षमताओं को सुदृढ़ करने और राज्य में शिक्षा की गुणवत्ता की वृद्धि करने के लिए अंतर्दृष्टि और संस्तुति के रूप में कार्य करती है।

मैं अपने समर्पित स्कूल प्रशासकों, भागीदारों, हितधारकों, समर्पित शिक्षाविदों और अभिभावकों को तहेदिल से सराहना करना चाहती हूँ, जिन्होंने अपने योगदान से इस पहल को सफल बनाया है।

आयुक्त – सह – सचिव,
ओड़िशा सरकार

OPPO F7

OPPO F7

अनुपम साहा, आईएएस
निर्देशक, राज्य परियोजना,
समग्र शिक्षा, ओड़िशा

ओड़िशा स्कूल शिक्षा कार्यक्रम प्राधिकरण
कार्यालय : 0674-2395325
ई-मेल : spd.osepa@nic.in
opepaedu@yahoo.co.in

प्राक्कथन

स्कूल शिक्षा का तात्पर्य है एक सहायक शिक्षण वातावरण बनाना जो छात्रों को शैक्षणिक, सामाजिक और भावनात्मक रूप से समृद्ध होने में सक्षम बनाता है। इसमें एक सुरक्षित, समावेशी और स्वागत - योग्य माहौल बनाकर और समस्त विद्यार्थियों को उनकी व्यक्तिगत शैक्षणिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए जरूरत संसाधन और सहायता प्रदान करना शामिल है।

हमारा मिशन एक ऐसी शिक्षा प्रणाली स्थापित करनी है जो पूर्व – प्राथमिक से लेकर उच्चतर माध्यमिक स्तर तक सभी शिक्षार्थियों के लिए उनकी सामाजिक तथा आर्थिक पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना उच्चतम गुणवत्ता वाली शिक्षा की समान पहुँच सुनिश्चित करती है। यह दृष्टिकोण संयुक्त राष्ट्र के सतत् विकास लक्ष्य के अनुरूप है ; (एसडीजी) ४.० जो सभी के लिए समावेशी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर जोर देता है।

इस प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए, हमने सभी बच्चों को उनकी विविध पृष्ठभूमि, बहुमुखी आवश्यकताओं को पहचानते हुए, सीखने की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी बनाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इसमें अलग – अलग शैक्षणिक क्षमताओं से हमारी कार्यन्वयन रणनीतियों को विभिन्न क्षेत्रों में मजबूत किया गया है। बुनियादी ढांचे का विकास, शिक्षकों का प्रावधान, मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मक कौशलों के पुनर्प्राप्ति कार्यक्रम, शिक्षकों का क्षमता निर्माण, खेल – कूद की गतिविधियाँ तथा सामुदायिक भागीदारी आदि के कार्यक्रम शामिल हैं।

सन् २०२२ – २३ की यह वार्षिक रिपोर्ट समग्र शिक्षा कार्यक्रम के तहत कार्यान्वित विविध हस्तक्षेपों को समाहित करती है और हमारे सुधारों पर प्रकाश डालती है। यह अधिगम वृद्धि कार्यक्रमों, हितधारकों का क्षमता निर्माण, अधिकारों का समय पर प्रावधान, पर्यावरण निर्माण, कौशल विकास की गतिविधियों और बहुत अधिक विषयों पर ध्यान केंद्रित करती है।

मैं स्कूल से लेकर राज्य स्तर तक पूरी ओसेपा टीम की उनके समर्पण और कड़ी मेहनत के लिए हार्दिक सराहना करना चाहता हूँ, जिन्होंने इस प्रकाशन को संभव और सफल बनाया है। यह रिपोर्ट मौजूदा सर्वोत्तम प्रथाओं को बढ़ाने तथा हमारी शैक्षिक प्रमाली में वर्तमान सुधार के लिए प्रासंगिक साक्ष्य प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता का एक ठोस सबूत है। विश्वास है, मिलजुल कर हम ऐसे भविष्य की दिशा में सकारात्मक रूप से काम करना जारी रखेंगे, जहाँ हर बच्चा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर खूब आगे बढ़ सकेगा।

निर्देशक
राज्य परियोजना (ओसेपा)

ପ୍ରବେଶ ଉତ୍ସବ

ପ୍ରବେଶ ଉତ୍ସବ

सूची - पत्र

क्रम संख्या	अनुक्रमणिका	पृष्ठ संख्या
1	कार्यकारी सारांश	1
2	पहुँच	18
3	अवसंरचना का विकास	25
4	मुफ्त पाठ्य पुस्तकें	41
5	सामुदायिक लामबंदी	43
6	अनुसंधान, मूल्यांकन और आकलन	60
7	ओड़िशा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग (OSCPCR)	69
8	शिक्षा शास्त्र (PEDAGOGY)	70
9	गुणवत्ता – उत्कर्ष (UTKARSH)	91
10	पुस्तकालय	98
11	बालिका शिक्षा	102
12	प्री – स्कूल शिक्षा	107
13	कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय (KGBV)	109
14	स्कूल वर्दी	134
15	समानता के तहत विशेष परियोजना	135
16	विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए (CwSN) समावेशी शिक्षा	138
17	व्यावसायिक शिक्षा	149
18	प्रबंधन सूचना प्रणाली (MIS)	167
19	सतत् अधिगम की प्रक्रिया – दीक्षा (DIKSHA)	171
20	योजना प्रक्रिया एवं कार्यान्वयन व्यवस्था	174
21	स्कूल – छात्र हेल्पलाइन	183
22	कार्यक्रम प्रबधन (MMMER)	191
23	शिक्षक प्रशिक्षण	196
24	टीई और एससीईआरटी	203
25	अनुसंधान गतिविधियाँ	210
26	मीडिया और प्रलेखन	216

The
Heart

ଜିଲ୍ଲା ଦିବ୍ୟାଙ୍ଗ ସାଧନ କେନ୍ଦ୍ର

ABBREVIATION & ACRONYMS

AWP&B	Annual Work Plan and Budget
BRP	Block Resource Person
BAS	Baseline Achievement Study
BPL	Below Poverty Line
BEO	Block Education Officer
BRC	Block Resource Centre
CCE	Continuous Comprehensive Evaluation
CR	Completion Rate
CRC	Cluster Resource Centre
CTE	College of Teacher Education
CTS	Child Tracking System
CPD	Continuous Professional development
CWSN	Children with Special Needs
D.L.I	District Linked Indicators
D.P.C	District Project Coordinator
CSS	Centrally Sponsored Scheme
DEO	District Education Officer
DIET	District Institute of Education and Training
DR	Dropout rate
ECCE	Early Childhood Care and Education
FA&CAO	Financial Advisor & Chief Account Officer
FLN	Foundational Literacy and Numeracy
GER	Gross Enrollment Ratio
GP	Gram Panchayat
HHS	House Hold Survey
IASE	Institute of Advanced Studies in Education
I.O.C.	Intervention for Out of School Children
ICT	Information and Communication Technology
KGBV	Kasturba Gandhi BalikaVidyalaya
KRP	Key Resource Person
LEP	Learning Enhancement Programme
MIS	Management Information System
NSA	Non State Actors

NAS	National Achievement Survey
NEP	New Education Policy
NER	Net Enrollment Ratio
OOSC	Out Of School Children
OSEPA	Odisha School Education Programme Authority
PM	Project Management
PFMS	Public Financial Management System
PAB	Project Approval Board
PTR	Pupil Teacher Ratio
QMT	Quality Monitoring Tool
RTE Act	Right to Education Act
RCFCE Act	Right of Children to Free & Compulsory Education Act
RFD	Result Framework Document
RMSA	Rashtriya Madhyamik Shiksha Abhiyan
RR	Retention Rate/Repetition rate
S.A.C	State Assessment Cell
S.I.S	State Implementing Society
S.I.G	State Incentive Grant
S.P.D.	State Project Director
SC/ST	Scheduled Caste & Scheduled Tribe
SS	Samagra Shiksha
SCERT	State Council of Educational Research and Training
SDG	Sustainable Development Goal
SDMIS	Student Data Management Information System
SMC	School Management Committee
SIG	State Incentive Grant
STARS	Strengthening Teaching- Learning and Results for States
TEI	Teacher Education Institute
TT	Teacher Training
U.C.	Utilization Certificate
VSK	Vidya Sameeksha Kendra

१. कार्यकारी सारांश

समग्र शिक्षा : यह स्कूल शिक्षा के लिए एक व्यापक कार्यक्रम है। यह कक्षा प्री – स्कूल से लेकर कक्षा बारहवीं तक चलती है। अतः स्कूर्ति शिक्षा के लिए समान अवसरों और समान सीखने के परिमामों के संदर्भ में स्कूल की प्रभावशीलता के लिए यह प्रस्तुत है। इसका उद्देश्य व्यापक है। इसमें सर्वशिक्षा अभियान (SSA), राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान (RMSA) और शिक्षक शिक्षा (TE) अंतर्भुक्त हैं। वस्तुतः समग्रशिक्षा एक कैंद्रिक प्रायोजित योजना है जिसका प्रारंभ 2018-19 से राज्य में लागू किया गया है। इसका लक्ष्य स्कूलों की प्रभावोत्पादकता को मजबूत करना है। इसे स्कूली शिक्षा के तहत समान अवसरों और सीखने के परिणामों के संदर्भ में लाया जा सकता है।

समग्र शिक्षा के दौरान क्षेत्र – व्यापी विकास कार्यक्रम / योजनाओं के सारे स्तरों पर, विशेषतः जिला, ब्लॉक, क्लस्टर और स्कूली स्तर की प्रक्रियाओं तथा संसाधनों पर कार्यान्वयन तंत्र एवं लेन – देन लागत में सामंजस्य स्थापित करने में सहायता मिली है। इसके अलावा स्कूली शिक्षा के विकास के लिए एक व्यापक रणनीतिक योजना की समग्र शिक्षा ने परिकल्पना की है।

प्रमुख उपलब्धियाँ

१. पहुँच

क) ०५ उच्च प्राथमिक विद्यालयों को उच्चस्तर माध्यमिक विद्यालय (कक्षा IX और X) में अपग्रेड किया गया एवं 57 माध्यमिक विद्यालयों को उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अपग्रेड किया गया।

ख) स्कूलं को युक्तिकरण तथा एकीकरण से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में सुधार हुआ।

ग) ८९५ शहरी वंचित बच् को १२ जिलों में १७ कार्यरत आवासीय छात्रावासों में रखा गया। LWE मालकानगिरि और कोरापुट जिलों में 04 आवासीय विद्यालयों (प्रत्येक में 100) में 400 बच्चों को रखा गया।

घ) दूरस्थ तथा दुर्गम बस्तियों और प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर पर विलय वाले स्कूलों के बच्चों को परिवहन और अनुरक्षण की सुविधा उपलब्ध हुई।

ङ) १२ जिलों में यानी बरगढ़, कटक, गंजाम, गजपति, कलाहांडि, खोर्द्धा, केउंझर, मयूरभंज, मालकानगिरि, कोरापुट और रायगढ़ा में शहरी वंचित कठिन दर्जे के बच्चों (६ – १४ आयु) के लिए आवासीय छात्रावास उपलब्ध करवाया गया।

च) हाउस होल्ड सर्वे – २०२१ के माध्यम से स्कूल न जाने वाले बच्चों (आयु ६ - १८) की पहचान की गई। उन्हें उचित परिवेश तथा मुख्यधारा में लाने को प्रयत्न किया गया।

छ) आरटीई अधिनियम के अनुसार स्कूल न जाने वाले बच्चों को विषय प्रशिक्षण दिया गया। (कक्षा I से III) तक बच्चों को संशोधित प्रशिक्षण सामग्री एवं 'हसी खेली सिखिबा' किताब विशेष तालीम केंद्रों में उपयोग हेतु जिलों को आपूर्ति की गई है।

ज) ६३३५ प्रवासी बच्चों को स्रोतीय जिले यानी बरगढ़, बलांगीर, कलाहांडि, नूआपड़ा, मयूरभंज में १३५ मौसमी छात्रावासों में रखा गया है। बालेश्वरस कटक और खोर्द्धा के गंतव्य जिलों में १२ एसएच वाले ५०० बच्चों को रखा गया है।

झ) राज्य मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (SIOS) में 15-18 आयु के स्कूल न जान वाले बच्चों को दाखिला मिला।

२. अवसंरचना का विकास

क) स्कूलों में बुनियादी ढाँचे के विकास के लिए फंड SMC / SMDC को तीन चरणों में आपूर्त्ति किया गया है। पहले चरण में 40%, द्वितीय चरण में 30% और तृतीय चरण में शेष 30% एफएमपी के अनुमानित लागत के अनुसार दिया गया।

ख) सिविल कार्य की गुणवत्ता और समय पर पूर्णता सुनिश्चित करने के लिए तकनीकी सलाहकार, वरिष्ठ तकनीकी सलाहकार और जिला परियोजना समन्वयक पीएमए के माध्यम से नियमित साइट पर जाकर बुनियादी ढाँचे की निगरानी और पर्यवेक्षण करते हैं।

ग) राज्य परियोजना कार्यालय में वरिष्ठ टीसी, एफसी की समीक्षात्मक बैठक/बीडीओ कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सिविल कार्यों को भौतिक और वित्तीय प्रगति पर नियमित अंतराल में परियोजना समाप्ति एवं खाते को निपटाने पर होती है।

घ) प्रखंड स्तर पर साप्ताहिक समीक्षा बैठक एवं जिला स्तर पर मासिक समीक्षात्मक बैठक होती है। इसमें तकनीकी कार्मिकों द्वारा भौतिक और वित्तीय प्रगति पर होने वाली कठिनाइयों और उनके समाधान के उपायों पर भी चर्चा होती है।

ङ) मूल आधारिक सुविधाओं के लिए उपलब्ध निधि का उपयोग कर अथवा दूसर विभागों के साथ अभिसरण करके पेयजल, विद्युतीकरण, लैंगिक भेद के शौचलय आदि की उपलब्धता के लिए कदम उठाए जा रहे हैं।

च) साइट निर्दिष्ट योजना और डिजाइन को ध्यान में रखते हुए लागत प्रभावी प्रौद्यगियों के साथ बहु जोखिम प्रतिरोध सुविधाएँ अवसंरचना विकास के लिए सुनिश्चित की गई।

३. प्रतिधारणा

क) राज्य के सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों के कक्षा - I से VIII तक 4430349 बच्चों को मुफ्त में पाठ्य – पुस्तकें प्रदान की गई हैं।

ख) केंद्रीय योजना और राज्य योजना के तहत सभी योग्य छात्रों को मुफ्त में वर्दी प्रदान की जाती है। 4488518 छात्रों को ₹ 600/- की दर से स्कूल वर्दी प्रदान की गई है।

ग) खेल अनुदान : सरकारी स्कूलों को अनुगदान 44177 सरकारी प्राथमिक स्कूलों और 5783 माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों को जारी किया गया है।

घ) पुस्तकालय : पुस्तकालय अनुदान 44177 सरकारी प्राथमिक स्कूलों और 5783 सरकारी माध्यमिक तथा वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों को पुस्तकालय अनुदान जारी किया गया है।

ङ) स्कूल अनुदान : 44177 सरकारी प्राथमिक स्कूल और 5783 सरकारी माध्यमिक स्कूलों को स्कूल अनुपात मिला है।

४. गुणावत्ता

क) गुणवत्ता शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से FLN (I – III) और LEP (IV – VIII) सामग्रियाँ समीक्षा और मद्रित होकर विद्यार्थियों एवं FLN ग्रेड शिक्षकों को प्रदान की गई हैं।

ख) FLN कार्यक्रम की समीक्षा के साथ सफल कार्यान्वयन के लिए राज्य संचालन समिति की बैठक एवं राज्य परियोजना प्रबंधन इकाई की बैठकें समयानुसार आयोजित की गई हैं।

ग) स्कूली तैयारी मॉड्यूल 'विद्या प्रवेश' को कक्षा 1 के लिए सभी सरकारी स्कूलों में तीन महीने तक लागू की गई है।

घ) FLN लक्ष्य और टार्गेट पोस्टर्स पर IEC सामग्री का भाषांतर तथा प्रासंगीकरण किया गया है। इस संबंधित कक्षा – कक्ष में प्रदर्शित करने के लिए स्कूल प्वाइंट पर विकसित और वितारित किया गया है।

ङ) FLN कार्यक्रम पर जागरुकता पैदा करने के लिए एफएलएन स्टैंडी का अनुवाद किया गया है। विभिन्न स्तरों पर प्रदर्शन करने के लिए जिलों में वितरित किया गया है।

च) NISTHA 3.0 के तहत सभी प्राथमिक स्तर के शिक्षकों को DIKSHA पोर्टल के संबंधीय सभी 12 मॉड्यूल पर प्रशिक्षण पूर्ण किया गया है।

छ) राज्यस्तर पर 1880 में से 433 PET को खेल और खेलों में विकास तथा नैतिकता की समझ पर तालीम दी गई थी। पुनः शेष प्रतिभागियों को चरणबद्ध तरीकों से प्रशिक्षित किया जाएगा।

ज) संपूर्ण प्राथमिक कक्षा के शिक्षकों को प्रारंभ मॉड्यूल का प्रशिक्षण दिया गया है। यह उन्हें कक्षा – कक्ष में एफएलएन सामग्रियों का उपयोग करने के संबंध में है।

झ) पाठचर्या और सह – पाठ्यक्रम गतिविधि के सुचारु रूप से संचालन के लिए प्रारंभिक और माध्यमिक दोनों अनुभागों के लिए शैक्षणिक कैंलेंडर साल भर विकसित किया गया है।

ञ) कक्षा I और II के बच्चों का बेलाइन मूल्यांकन डिजिटल मोड के माध्यम से आयोजित किया गया है।

ट) शैक्षणिक वर्ष 2022-23 के लिए शैक्षिक और सह-शैक्षिक दोनों क्षेत्रों में बच्चों की प्रगतिशील उपलब्धि को दर्ज करने के लिए सभी सरकारी स्कूलों के कक्षा से III तक के बच्चों के लिए प्रगति कार्ड विकसित, मुद्रित और वितरित किए गए हैं।

ठ) तृतीय पक्ष एजेंट को शामिल करके कक्षा IX और X के लिए ई – सामग्री विकसित की गई। इसे HDD के माध्यम से 5T स्कूलों में प्रेषित किया गया है।

ड) केविड – १९ महामारी परिस्थिति के कारण शैक्षिक हानि को कम करने के लिए कक्षा III से IX प्रोग्राम (LRP) आयोजित किया गया है।

ढ) एलआरपी पर प्रभाव मूल्यांकन करने का काम थर्ड पार्टी एजेंसी को सौंपा गया है।

ण) शिक्षकों के सहित बच्चों को भी विज्ञान प्रयोग करने और विज्ञान प्रयोगशाला को क्रियाशील बनाने में सुविधा प्रदान करने कक्षा IX और X के लिए विज्ञान प्रयोगशाला निर्देशावली ओड़िया और अंग्रेजी भाषा में विकसित की गई है।

त) सभी सरकारी स्कूलों के कक्षा दो से दस तक के बच्चों के लिए नोटबुक की आपूर्ति की गई है। कक्षा II से VIII तक के छात्रों को एक सिंगल लाइन नोटबुक और कक्षा IX और X को दो नोट बुक यानी सिंगल लाइन नोट बुक और एक विज्ञान अभ्यास पुस्तक प्रदान की जाती है।

थ) सभी सरकारी स्कूलों के कक्षा I से VIII तक के छात्रों को स्टूडेंट डायरी उपलब्ध कराई गई है।

५. सामग्री के परिणामों में सुधार

क) ब्रीज कोर्स : उत्कर्ष के माध्यम से माध्यमिक स्तर पर उपचार / तत्परता कार्यक्रम

ख) मूल्यायन : बच्तों के सर्वांगीण विकास के लिए नियमित आंतराल में सतत व्यापक मूल्याकन, योगात्मक (सम्मेटिव) और रचनात्मक (फॉरमेटिव) मूल्यांकन

ग) परीक्षा दर्पण : प्रश्न बैंक

घ) परामर्शदाताओं के जरिए छात्रों को समय प्रबंधन तनाव प्रबंधन आदि के टिप्स साझे किए गए हैं।

ङ) दीक्षा ऐप और मधु – एप पर वीडियो पाठ अपलोड़ किए गए।

च) शिक्षा दर्पण : कक्षा IX और X पाठचर्या के दूरदर्शन कार्यक्रम

६. मीड़िया, सामुदायिक लामबंदी, स्कूल प्रबंधन समिति (SMC)

क) अभिभावक शिक्षक बैठकें (PTM) १०.०९.२०२२, १०.१२.२०२२, ३०.०३.२०२३ को पूरे राज्य में आयोजि की गई। यहाँ शैक्षणिक उन्नयन पर चर्चा की गई। लर्निंग रिकवरी प्रोग्राम (LRP), मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता (FLN), उच्च विद्यालय परिवर्तन (HST), बच्चों का शैक्षणिक उपलब्धियाँ, परिणामों री साझेजदारी, प्रोग्रेसकार्ड वितरण एवं माता – पिता अपने बच्चों को स्कूल भेजन के महत्व पर उन्मुख किया गया।

ख) सचेतनता का रथ, बैक टू स्कूल अभियान : राज्य ने सभी बस्तियों, समूहों, क्लस्टरों, ब्लॉक, एमएसी, म्यूनियपालिटी निगमों में 02 अप्रैल से 08 अप्रैल तक सचेतनता का रथ, बैक टू स्कूल अभियान काआयोजन हुआ। बय राज्य व्यापी अभिभावक शिक्षक बैठक (PTA) के तहत बच्तों को स्कूल वापस लाने का एक महत्वपूर्ण कार्.क्रम है। यह 251 ब्लॉक में 4062222 छात्रों, 45975 बस्तियों और 39489 स्कूलों को कवर करता है।

७. नवाचार

क) आनंददायक अधिगम : एससीईआरटी ने सभी 30 डायटों के साथ एक घंटे का दीर्घ सत्र आयोजित किया है जिसमें उन्हें आनंददायक शिक्षण प्रदान किया जा सके। इस सत्र के दौरान प्रत्येक DIET को पहले सात दिनों तक आनंददायक शिक्षण – अधिगम संचालित करने के लिए विशिष्ट सामाजिक भावात्मक शिक्षण (Socio Emotional Learning) गतिविधि कैलेंडर के रूप में निर्देश दिया गया था। SEL गतिविधि कैलेंडर के विकास के बाद दिशानिर्देशों के साथ सीआरसीसी के सहयोग से स्कूलों में वितरित किया गया और आनंददायक शिक्षण भी आयोजित किया गया।

८. योजना और प्रबंधन

क) एसएमसी सरकारी स्कूलों द्वारा स्कूल विकास योजना (SDP) और स्कूल सुरक्षा योजना तैयार की गई। इसका मूल उद्देश्य है, सुरक्षा का रख – रखाव और समग्र विकास के संदर्भ में अपने विद्यार्थियों की शैक्षिक आवश्यकताओं की पूर्ति करने में प्रभावशीलता के उच्चतम संभाव्य स्तर को प्राप्त करना और जारी रखना।

ख) वार्षिक कार्ययोजना और बजट 2022 -23 की तैयारी कार्य पूरा कर लिया गया है और भारत सरकार के पास योजना प्रस्तुति की गई है।

९. आपदा प्रबंधन और स्कूल सुरक्षा नीति

क) स्कूल सुरक्षा नीति के तहत छात्रों की सुरक्षा पर राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA) के दिशा – निर्देश सभी जिलों, ब्लॉक, स्कूलों के बिंदुओं को प्रदान किए गए हैं और इसे अविकल लागू करने के लिए कार्य – योजना के साथ निर्देश जारी किए गए हैं।

ख) डीइओ, बीईओ, बीआरसीसी, सीआरसीसी शिक्षकों और एसएमसी सदस्यों आदि शिक्षाप्रशासकों को क्षमता

निर्माण स्कूल सुरक्षा पर किया गया है। यह सभी जिला समीक्षा बैठकों (DRM) में स्कील सुरक्षा में कार्यवृत्त शामिल होकर सभी जिलों को सूचित कर दिया गया है।

ग) सेवारत शिक्षक प्रशिक्षण (NISTHA) के माध्यम से स्कूल सुरक्षा पर शिक्षक प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।

घ) स्कूलों में सुरक्षा के दौरान दस पैरामीटर में स्कूल सुरक्षा निरीक्षण सप्ताह पालन किया गया है।

१०. विशेष आवशेयकता वाले बच्चों के लिए समावेशी शिक्षा (CwSN)

क) सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में (UDISE 2021-22) कुल CwSN नामांकन संख्या १३४३९६ (प्राथमिक ११३९३६, माध्यमिक २०४६०)

ख) विशेष शिक्षा से प्रति ब्लॉक में 02 के हिसाब से 632 विशेष व्याख्याताओं का प्रशिक्षण।

ग) दृष्टि हीन छात्रों को 1947 ब्रेल पुस्तकें प्रदान

घ) कम दृष्टि वाले छात्रों को 4564 मोटे अक्षरों की मुद्रित पुस्तकों की आपूर्ति

ङ) सीडब्लूएसएन छात्रों को 5313 सहायक सामग्री और उपकरणों की आपूर्ति

च) सीडब्लूएसएन छात्रों को 6563 टीएलएम और आईसीटी उपकरण और कम दृष्टिवाले उपकरण उपलब्ध करवाए गए।

छ) प्राथमिक स्कूलों की सीडब्लूएसएन 14157 छात्राओं को और माध्यामिक स्कूलों की 4788 छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान की गई।

ज) १२९७९ प्राथमिक और ३३४० माध्यमिक सीडब्लूएसएन छात्रों को अनुरक्षण भत्ता प्रदान की गई।

झ) १५५१३ प्राथमिक और 5689 माध्यमिक सीडब्लूएसएन छात्रों को परिवहन भत्ता की आपूर्ति हुई।

ञ) १५६३९ सीडब्लूएसएन छात्रों को स्पीच थेरपी, फिजिओथेरपी, एक्यूपेशनल थेरपी और ब्रेल प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

ट) ब्लॉक स्तर पर 314 चिकित्सा आकलन शिविर आयोजित हुए।

ठ) शिक्षा सुरभि : ऑडिओ, पाठ और सामुदायिक रेडियो के सहयोग से कक्षा I से कक्षा V तक सीडब्लूएसएन छात्रों के लिए शिक्षा सुरभि कार्यक्रम सुनिश्चित किया गया।

ड) CwSN के लिए उद्यम क्लासरूम लेनदेन मॉड्यूल कक्षा 1 से 5 के लिए विकसित किया गया

ढ) स्कूली स्तर पर ओड़िआ में सीडब्लूएसएन छात्रों के लिए एनसीईआरटी स्क्रीनिंग चेकलिस्ट तैयार की गई और स्कूल छात्रों को वितरीत की गई।

११. बालिका शिक्षा

क) ११६९ माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्कूलों ने आत्मसुरक्षा, प्रशिक्षण आयोजित किया और ११६९०० विद्यार्थियों ने इस प्रशिक्षण को प्राप्त किया।

ख) सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों के सभी विद्यार्थियों को यूनिफॉर्म प्रदान किए गए।

१२. कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय (KGBV)

क) १८२ टाइप – III के केजीबीवी (KGBV) में कक्षा IV से XII तक 28611 बालिकाओं का नामांकन हुआ। 95 टाइप - IV केजीबीवी (KGBV) में कक्षा IX से कक्षा XII तक 9500 बालिकाओं का नामांकन हुआ है।

ख) राज्य में कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से संबंधित मुद्दों के साथ – साथ 30 जिलों में विशेष रूप से बाल शोषण से संबंधित मुद्दों के समाधान के लिए आंतरिक शिकायत समिति का गठन किया गया है।

ग) सुरक्षा और सुरक्षित नाप के लिए स्थानीय पुलिस, समुदाय के सदस्यों और प्रशासनिक दिशानिर्देशों के साथ अभिसरण के जरिए कदम उठाए गए। सभी केजीबीवी में अग्नि सुरक्षा शपथ अभियान चलाया गया।

घ) जिला एवं विद्यालय स्तर पर राष्ट्रीय एवं अंतर – राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया।

१३. समानता के लिए विशेष परियोजना

क) मातृभाषा आधारित बहुभाषी शिक्षा (MLE) बच्चों की अपनी मातृभाषा के माध्यम से शिक्षा देने के लिए यथासंभव सुनिश्चित करना।

ख) प्राथमिक कक्षा के बच्चों (अनुसूचित जनजाति) को उनकी मातृभाषा में शिक्षा प्राप्त करने के लिए अभ्यस्त करना। धीरे – धीरे वे अपनी मातृभाषा (MT) (L1 - MT) से राज्य भाषा (L2 - ओड़िआ) और उसके बाद राष्ट्रीय और अंतर – राष्ट्रीय भाषा (L3 - अंग्रेजी) की ओर अग्रसर होंगे।

ग) मुख्यमंत्री की अध्यक्षता से राज्य जनजाति सलाहकार समिति (STAC) की सिफारिशों को अनुसरण करके 2007-08 में राज्य ने एमएलई (MLE) कार्यक्रम प्रारंभ किया है जो आज राज्य के 17 जनजाति बहुल जिलों में 21 आदिवासी भाषाओं में कार्यान्वित हुए हैं।

घ) एक राज्य स्तरीय नीति राज्य के सभी आदिवासी बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए मातृभाषा आधारित बहुभाषी शिक्षा कार्यक्रम विकसित हुआ है।

ङ) एमएलई (MLE) कार्यक्रम के तहत 105446 अनुसूचित जनजाति बच्चों को 21 आदिवासी भाषाओं में कहानी की किताबों और चित्र – चार्ट लगभग 2500 पूरक पठन सामग्री विकसित हुई हैं।

च) जनजातीय संसाधनों के संरक्षण के लिए एमएलई (MLE) जिलों में चरणबद्ध तरीकों से जनजातीय संसाधन केंद्रों (TRC) की स्थापना की गई है।

१४. व्यावसायिक स्कूली शिक्षा

क) स्कूली शिक्षा का व्यावसायीकरण कार्यक्रम II क्षेत्री / ट्रेडों के साथ यानी १. आईटी और आईटीईस (IT&ITes) २. खुदरा ३. पर्यटन ४. ऑटोमोटिव ५. खाद्य प्रसंस्करण ६. स्वस्थ और सौंदर्यकरण ७. कृषि ८. परिधान ९. प्लंबर १०. इलेक्ट्रोनिक्स और हाईवेयर ११. निर्माण व्यापार कार्य, ९६० स्कूलों में (९०५ माध्यमिक और ५५ उच्चतर माध्यमिक को वीटीपी (VTP) के द्वारा 11 क्षेत्रों के साथ प्रति स्कूल 02 व्यापार विषयों के साथ सुनिश्चित किया गया है।

ख) कुल 960 स्कूलों में 1920 ट्रेड निर्दिष्ट व्यावसायिक प्रशिक्षकों को नियुक्ति मिली है।

ग) एक ट्रेड विशिष्ट व्यावसायिक प्रयोगशाला 509 स्कूलों में स्थापित है।

घ) २०१८- १९, २०१९ – २० और २०२१ – २२ में क्रमशः उत्तीर्ण होने का प्रतिशत ८२% , ९६%, 85% हैं।

ङ) पाठ्य रूपरेखा की पुनरावृत्ति : माध्यमिक शिक्षा स्तर पर छह सम्मिलित विषयों के सहित यह एक विषय के रूप में सम्मिलित है (तृतीय भाषा के बदले)। और उच्चतर माध्यमिक स्तर के सारे स्ट्रीम के लिए 04th इलेक्टिव विषयों में एक विषय रहेगा।

च) समग्र शिक्षा के तहत 948 स्कूलों में कक्षा 6 से 8 तक छात्रों के लिए व्यावसायिक शिक्षा प्रदर्शित की गई।

१५. स्कूली छात्र हेल्फ लाइन

क) आरटीई अधिनियम २००९ के तहत बच्चों की शिकायतों के निवारण के लिए एक प्रमुख पहलू है 'प्रत्येक छात्र हेल्पलाइन'। प्रत्येक बच्चे के अधिकार को सुनिश्चित करने के लिए अक्टूबर २०१० में एक अद्वितीय तंत्र स्थापित किया गया है। जनवरी २०१५ से शिकायतें ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों माध्यम से प्राप्त की जाती हैं।

ख) प्राप्त मामलों का विश्लेषण किया जाता है और पहचाने गए मुद्दों के लिए समयानुसार आवश्यकता आधारित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

ओसेपा की प्रबंधन संरचना

मुख्यमंत्री, अध्यक्ष, शासीनिकाय, ओसेपा

↓

मंत्री,स्कूल और जन शिक्षा विभाग,
उपाध्यक्ष, शासीनिकाय, ओसेपा

↓

मुख्य सचिव, ओड़िशा, अध्यक्ष, ईसी, ओसेपा

↓

डीसी – सह – एसीएस, सह – अध्यक्ष, ईसी,ओसेपा

↓

आयुक्त-सह-सचिव, स्कूल और जन शिक्षा विभाग, सह-उपाध्यक्ष, ईसी

↓

निदेशक, राज्य परियोजना, ओसेपा

↓

जिला परियोजना कार्यालय
कलेक्टर
जिल्ला शिक्षा अधिकारी-सह-जनप्रतिनिधि

↓

प्रखंड शिक्षाधिकारी/ब्लॉक संसाधन केंद्र समन्वयक

↓

कूल प्रबंधन केंद्र समन्वयक (सीआरसीसी)

↓

स्कूल प्रबंधन समिति/ स्कूल प्रबंधन और विकास

↓

प्रधान शिक्षक/ शिक्षक

१६. प्रशासनिक संकेतक

क्र.सं	प्रशासनिक इकाइयाँ	संख्या
1	राजस्व जिला	30
2	शैक्षणिक ब्लॉक	314
3	ब्लॉक शिक्षाधिकारी	316
4	क्लस्टर संसाधन केंद्र	4,806
5	ग्राम पंचायत	6,798
6	राजस्व ग्राम	53,845
7	निवास	90,731

१७. जनसांख्यिकीय संकेतक

विवरणकुल	2011	2001
जनसंख्या	41,974,218	36,804,660
पुरुष	21,212,136	18,660,570
महिला	20,762,082	18,144,090
लिंग अनुपात	979	972
क्षेत्र कि.मी2	155,707	155,707
घनत्व/कि.मी	269	236
साक्षरता	72.87	63.08
पुरुष साक्षरता	81.59	75.35
महिला साक्षरता	64.01	50.51

१८. शैक्षिक संकेतक (स्कूल/ अनुभाग का सार (2021-22)

स्कूल प्रबंधन	प्राथमिक स्कूल (कक्षा V तक)	उच्च प्राथमिक स्कूल (कक्षा VIII तक)	कुल प्राथमिक स्कूल	माध्यमिक स्कूल (कक्षा X तक)	उच्च माध्यमिक विद्यालय (कक्षा XII तक)	कुल प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्कूल
शिक्षा विभाग	26680	15149	**41829**	4854	496	**47179**
आदिवासी कल्याण	438	776	**1214**	380	92	**1686**
कुल सरकारी विद्यालय	**27118**	**15925**	**43043**	**5234**	**588**	**48865**
सरकारी सहायता प्राप्त	293	1533	**1826**	3333	648	**5807**
कुल सरकारी सहायता प्राप्त स्कूल	**27411**	**17458**	**44869**	**8567**	**1236**	**54672**
निजी असहायता स्कूल (मान्यताप्राप्त)	1160	3095	**4255**	790	1081	**6126**
अन्यान्य	26	43	**69**	28	11	**108**
निजी गैर मान्यता	728	446	**1174**	97	15	**1286**
क्रेंद्र सरकार द्वारा संचालित	1	7	**8**	15	76	**99**
कुल स्कूल	**29326**	**21049**	**50375**	**9497**	**2419**	**62291**

स्रोत : यूडीआईएसई+ 2021-22

नामांकन (2021-22)

स्कूल प्रबंधन	प्राथमिक स्कूल (कक्षा 1-5)	उच्च प्राथमिक स्कूल (कक्षा 6-8)	माध्यमिक स्कूल कक्षा (9-10)	उच्च माध्यमिक विद्यालय (कक्षा 11-12)	कुल नामांकन
शिक्षा विभाग	2553951	1460839	668123	74046	4756959
आदिवासी कल्याण	168773	161472	66754	10328	407327
कुल सरकारी नामांकन	**2722724**	**1622311**	**734877**	**84374**	**5164286**
सरकारी सहायता	24873	127036	364952	341921	858782
कुल सरकारी सहायता प्राप्त स्कूल	**2747597**	**1749347**	**1099829**	**426295**	**6023068**
निजी असहायता स्कूल (मान्यता प्राप्त)	671062	279750	123204	248105	1322121
अन्यान्य	5481	2839	1773	3597	13690
निजी एसहायता प्राप्त स्कूल (गैर मान्यता)	67553	16933	7314	1894	93694
क्रेंद्र सरकार द्वारा संचालित	27460	22886	14261	10337	74944
कुल स्कूल	**3519153**	**2071755**	**1246381**	**690228**	**7527517**

स्रोत: यूडीआईएसई+ २०२१–२२

शिक्षक (2021-22)

स्कूल प्रबंधन	प्राथमिक स्कूल	उच्च प्राथमिक स्कूल	माध्यमिक स्कूल	उच्चतर माध्यमिक स्कूल	कुल शिक्षकों की संख्या
शिक्षा विभाग	62678	80623	48621	3060	194982
आदिवासी कल्याण	1091	3542	3532	940	9105
कुल सरकारी	**63769**	**84165**	**52153**	**4000**	**204087**
सरकारी सहायता	731	2661	21440	7202	32034
कुल सरकारी सहायता प्राप्त स्कूल	**64500**	**86826**	**73593**	**11202**	**236121**
निजी असहायता प्रात सूल (मान्यता प्राप्त)	7865	38935	15921	16251	78972
अन्यान्य	112	283	251	157	803
निजी गैर मान्यता	3945	3642	1033	179	8799
क्रेंद्र सरकार द्वारा संचालित	4	58	192	1805	2059
कुल स्कूल	**76426**	**129744**	**90990**	**29594**	**326754**

स्रोत: यूडीआईएसई+ २०२१-२२

छात्र - शिक्षक अनुपात (पीटीआर)-2021-22



	Primary	Upper Primary	Elementary	Secondary	Hr. Secondary
All Management	28	18	23	19	36
Government	29	22	25	22	56

स्रोत: यूडीआईएसई+ २०२१–२२

वार्षिक औसत ड्रॉपआउट दर 2021-22



	PRIMARY	UPPER PRIMARY	SECONDARY
All	0.00	7.34	27.26
SC	0.00	8.16	31.19
ST	0.43	8.78	33.06

स्रोत: यूडीआईएसई+ २०२१–२२

संक्रमण दर 2021 – 22



	Primary to Upper Primary	Upper Primary to Secondary
All	97.45	82.47
SC	97.44	81.44
ST	94.55	76.91

स्रोत: यूडीआईएसई+ २०२१–२२

अवधारणा दर 2021-22



	Primary	Elementary	Secondary
All	94.71	86.99	96.64
SC	94.86	88.55	95.25
ST	91.12	75.40	94.96

स्रोत: यूडीआईएसई+ २०२१–२२



स्रोत: यूडीआईएसई+ २०२१–२२

१९. शैक्षिक संकेतक-2022-23 (स्कूल/अनुभाग सार-2022-23)

स्कूल प्रबंधन	प्राथमिक स्कूल (कक्षा V तक)	उच्च प्राथमिक स्कूल (कक्षा VIII तक)	कुल प्राथमिक स्कूल	माध्यमिक स्कूल (कक्षा X तक)	उच्च माध्यमिक विद्यालय (कक्षा XII तक)	कुल प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्कूल
शिक्षा विभाग	26610	14918	41528	4762	667	**46957**
आदिवासी कल्याण+ एकलव्य मॉडल आवासिक स्कूल	437	768	1205	380	100	**1685**
अन्य राज्य सरकार द्वारा संचालित	5	1	6	5	5	**16**
कुल सरकारी स्कूल (राज्य)	**27052**	**15687**	**42739**	**5147**	**772**	**48658**
सरकारी सहायता प्राप्त	292	1519	1811	3337	702	**5850**
कुल सरकारी और सहायता प्राप्त	**27344**	**17206**	**44550**	**8484**	**1474**	**54508**
एसएसईपीडी द्वारा आंशिक सहायता प्राप्त	16	35	51	19	0	**70**
केंद्र सरकार द्वारा संचालित	2	7	9	17	83	**109**
निजी सहायता रहित (मान्यता प्राप्त)	1014	3176	4190	800	1094	**6084**
निजी मान्यता प्राप्त	606	416	1022	83	15	**1120**
कुल स्कूल	**28982**	**20840**	**49822**	**9403**	**2666**	**61891**

स्रोत: यूडीआईएसई+ 2022-23

नामांकन (2022-23)

स्कूल प्रबंधन	प्राथमिक स्कूल (कक्षा 1-5)	उच्च प्राथमिक स्कूल (कक्षा 6-8)	माध्यमिक स्कूल (कक्षा 9-10)	उच्चतर माध्यमिक स्कूल (कक्षा 11-12)	कुल नामांकन
शिक्षा विभाग	2539030	1477787	662438	85722	**4764977**
आदिवासी कल्याण+एकलव्य मडेल आवासिक स्कूल	171590	162009	66593	13813	**414005**
अन्य राज्य सरकार द्वारा संचालित	877	969	787	2046	**4679**
कुल सरकारी स्कूल	**2711497**	**1640765**	**729818**	**101581**	**5183661**
सरकारी सहायता प्राप्त	25158	126796	352367	429586	**933907**
कुल सरकारी और सहायता प्राप्त	**2736655**	**1767561**	**1082185**	**531167**	**6117568**
एसएसईपीडी द्वारा आंशिक सहायता प्राप्त	3139	1302	508	0	**4949**
क्रेंद्र सरकार द्वारा संचालित	29683	25388	15855	12669	**83595**
निजी सहायता रहित (मान्यता प्राप्त)	629722	280788	125434	291516	**1327460**
निजी मान्यता प्राप्त	55193	14717	5830	2359	**78099**
कुल नामांकन	**3454392**	**2089756**	**1229812**	**837711**	**7611671**

स्रोत: यूडीआईएसई+ 2022-23

शिक्षक (2022-23)

स्कूल प्रबंधन	प्राथमिक स्कूल	उच्च प्राथमिक स्कूल	माध्यमिक स्कूल	उच्चतर माध्यमिक स्कूल	कुल नामांकन
शिक्षा विभाग	60621	79588	55211	5752	**201172**
आदिवासी कल्याण+एकलव्य मडेल आवासिक स्कूल	1029	3312	3816	1105	**9262**
अन्य राज्य सरकार द्वारा संचालित	8	5	25	69	**107**
कुल सरकारी स्कूल	**61658**	**82905**	**59052**	**6926**	**210541**
सरकारी सहायता प्राप्त	718	2531	20702	8133	**32084**
कुल सरकारी और सहायता प्राप्त	**62376**	**85436**	**79754**	**15059**	**242625**
एसएसईपीडी द्वारा आंशिक सहायता प्राप्त	91	255	173	0	**519**
क्रेंद्र सरकार द्वारा संचालित	9	63	213	2133	**2418**
निजी सहायता रहित (मान्यता प्राप्त)	6931	39767	16025	17808	**80531**
निजी मान्यता प्राप्त	3566	3521	1024	192	**8303**
कुल नामांकन	**72973**	**129042**	**97189**	**35192**	**334396**

स्रोत: यूडीआईएसई+ 2022-23

छात्र – शिक्षक अनुपात (पीटीआर 2022 - 23)



	Primary	Upper Primary	Elementary	Secondary	Hr. Secondary
All Management	29	18	23	17	39
Government	32	20	26	17	43

स्रोत: यूडीआईएसई+ 2022-23

वार्षिक औसत ड्रॉपआउट दर 2022-23



	PRIMARY	UPPER PRIMARY	SECONDARY
All	0.00	3.15	17.72
SC	0.00	2.67	20.57
ST	1.44	6.72	26.02

स्रोत: यूडीआईएसई+ 2022-23



	All	SC	ST
Primary to Upper Primary	98.68	99.15	95.90
Upper Primary to Secondary	92.41	92.93	84.68

स्रोत: यूडीआईएसई+ 2022-23



	PRIMARY	ELEMENTARY	SECONDARY
All	100.00	81.95	93.78
SC	100.00	83.67	94.46
ST	93.78	94.46	88.99

स्रोत: यूडीआईएसई+ 2022-23

परंपरागत सुविधाओं वाले स्कूलों का प्रतिशत (2022- 23)



	Girls Toilet Functional	Boys Toilet Functional	CWSN Toilet Functional	Drinking Water Facility	Electricity / Solar panel	Ramp with Handrail	Library	Playground /Alternative Playground
Govt. Schools	96.30	93.17	65.66	99.97	93.26	92.88	99.87	95.01
All Schools	95.64	92.25	62.83	99.88	75.11	89.13	99.04	95.23

स्रोत: यूडीआईएसई+ 2022-23

२. पहुँच

प्रस्तावना

राष्ट्रीय शिक्षा नीति – २०२० की प्रस्तावना के बाद ०६ – १८ वर्ष आयुवर्ग के बच्चों की शिक्षा के लिए बहुत महत्व दिया गया है। समग्रशिक्षा के तहत प्राथमिक शिक्षा के स्तर से उच्चतर माध्यमिक स्तर के विद्यालयों के उन्नयन के लिए कदम उठाए गए हैं। यहाँ स्कूली शिक्षा तथा उच्चतर शिक्षा की समाप्ति के लिए सभी बच्चों का नामांकन सुनिश्चित किया गया है। दूर और विक्षिप्त पहाड़ी तथा जंगली क्षेत्रों में बच्चों की पहचान कर बस्ती तथा घर के सर्वे के अनुसार उन्हें शिक्षा की सुविधा प्रदान की जाती है। राज्य ने कुल ९०७३१ बच्चों में से प्राथमिक स्तर पर ८७७५० और उच्च प्राथमिक स्तर पर ८८७२१ को शिक्षा की सुविधा उपलब्ध करवाई है। समग्र शिक्षा के दौरान बहुत कठिन दुर्गम और दूरस्थ बस्तियों को जहाँ पहुँचने में काफी समस्याएँ होती हैं, वहाँ बच्चों को प्राथमिक तथा माध्यमिक शिक्षा पूर्ण करने के लिए परिवहन एवं अनुरक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। समग्र शिक्षा के नॉर्म के अनुसार छात्रों को उच्चतर माध्यमिक शिक्षा प्रदान की जाती है।

शहरी छात्रों में बच्चों की कठिन श्रेणियाँ हैं जैसे बालश्रम, संकरी गली के बच्चे, कूड़ा बीनने वाले बच्चे, अनाथ एकल माता – पिता के बच्चे, बेघर बच्चे आदि को पहुँच नहीं मिलती। कुछ स्कूलों के माहौल में बच्चे ढंग से नहीं रह पाते; स्कूल से भाग जाते हैं या बिल्कुल स्कूल छोड़ (ड्रॉप आउट) देते हैं। समग्र शिक्षा के तहत इन वंचित बच्चों के लिए उपयुक्त पहुँच वाले बारह जिलों में आवासीय छात्रावास स्थापित किए गए हैं। शहर के वंचित बच्चों को स्कूल पहुँचने से शहर के विभिन्न स्थानों से उन्हें उद्धार किया जाता है। आवासीय छात्रावासों में उनका पुनर्वास किया जाता है। दूरस्थ, पहाड़ी, जंगल या पहुँच रहित क्षेत्रों के बच्चों को अनुसूचित जनजाति का विकास विभाग, कल्याण विभाग, कस्तुरबा गाँधी बालिका विद्यालय आदि सेवाश्रमों को पहुँच प्रदान की जाती है।

हाउस होल्ड सर्वे – २०२१ के विधिमान्यकरण के जरिए ६ – १८ वर्ष आयुवाले से बाहर के बच्चों की पहचान हुई है। इन बाहरी बच्चों को स्कूलों तथा एसआईओएस/ एसआईओएस केंद्रों में नामांकन करने के लिए कदम उठाए गए हैं। प्रवासी केंद्रीय स्थानों तथा श्रोतों में मौसमी छात्रावास खेल दिए गए हैं। इन छात्रावासों में प्रवासी बच्चों को सुरक्षित रखा जाता है और उन्हें माता – पिता प्रवासी से लौटने तक शिक्षा दी जाती है।

नेताजी सुभाष बोस आवासीय विद्यालय

शहर के कठिन श्रेणी के वंचित बच्चे यानी शिशु – श्रम, भीख माँगने के लिए नियोजित बच्चों को, संकरी गली के बच्चों को, प्रौढ़ व्यक्तियों की सुरक्षा के बिना घूमने वाले बच्चे, अनाथ और जटिल परिस्थिति में शिक्षा प्राप्त करने की आवश्यकताओं के लिए शहरी अंचलों से बचाव किया गया। उन्हें प्राथमिक शिक्षा पूर्ण करने के लिए आवासीय छात्रावासों में पुनः सुरक्षित रखा गया। अब कुल 17 आवासीय छात्रावास 895 बच्चों को लेकर कार्यरत हैं।

आवासीय छात्रावास : २०२२ – २३ (शहर के वंचित बच्चों के लिए)

क्र.सं	जिलों के नाम	ब्लॉक	आवासिक छात्रावासों के नाम	वर्ष	क्षमता	शहर के वंचित बच्चों के लिए
1	खोर्द्धा	भुवनेश्वर म्यूनिसपाल कर्पोरेसन (BMC)	सरकारी हाईस्कूल, यूनिट -1, भुवनेश्वर	2012-13	50	37
2	खोर्द्धा		राजभवन प्रोजेक्ट यूपी स्कूल, यूनिट – VIII, भुवनेश्वर	2013-14	50	42
3	खोर्द्धा		सरकारी हाईस्कूल, यूनिट–VI, भुवनेश्वर (सिर्फ बालिकाओं के लिए)	2013-14	50	48
4	खोर्द्धा		सरकारी प्राथमिक विद्यालय, आईआरसी विलेज, सेक्टर-1, भुवनेश्वर	2013-14	50	37
5	केंउझर	केंउझर सदर	आत्तपुर नोडाल यूपी स्कूल, केंउझर सदर	2012-13	100	100
6	केंउझर	बड़विल	बड़विल नोडल यूपी स्कूल, बड़विल	2012-13	100	100
7	मयूरभंज	बारिपदा	पूर्णचंद्रपुर प्रोजेक्ट यूपी स्कूल, बारिपदा	2014-15	100	100
8	मयूरभंज	विसोई	विसोई यूजी हाईस्कूल	2015-16	100	100
9	वरगढ़	वरगढ़	सिमेंट नगर हाई स्कूल	2016-17	50	43
10	कटक	सदर	मधुसूदन सरकारी हाईस्कूल	2016-17	50	22
11	गजपति	पारलाखेमुंडि	गांधी मेमोरियाल यूपीएस	2016-17	50	42
12	गंजाम	छत्रपतिपुर	रघुनाथपुर यूपी स्कूल	2016-17	50	45
13	कलाहांड़ी	भवानिपाटना	बापुजी यूपीएस, भवानीपाटना	2016-17	50	45
14	कंधमाल	बालिगुड़ा	ब्लॉक कॉलोनी पीयूपीएस, बालिगुड़ा	2016-17	50	40
15	मालकानगिरि	मालकानगिरि	सरकारी नोउल यूपीएस, मालकानगिरि	2016-17	50	50
16	रायगड़ा	रायगड़ा	जीबीएम हाईस्कूल, रायगड़ा	2016-17	50	24
17	कोरापुट	सिमिलिगुड़ा	एमआईजी IV पीयूपीएस, सुनाबेड़ा	2018-19	50	20
	कुल				**1050**	**895**

LWE जिलों में आवासीय विद्यालय

जिले का नाम	ब्लॉक का नाम	आवासीय स्कूल और नाम	क्षमता	बच्चों की संख्या
मालकानगिरि	कोरकुंदा	नीलाद्रिनगर पीयूपीएस, निलकम्बेरू जीपी, कोरकुंडा	100	100
मालकानगिरि	पोड़िआ	कलदापली यूजीएचएस, पोड़िआ	100	100
कोरापुट	पोटंगी	तड़िवाल्सा पीएस (नेरिदिवाल्सा), अर्जुवाल्सा, कोटिआ जीपी (को-एडूकेशन)	100	100
कोरापुट	दसमंतपुर	गिरलिगुमा यूजीएचएस, दसमंतपुर (सिर्फ लड़कियों के लिए)	100	100
कुल			**400**	**400**

नए प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्कूलों का उद्घाटन :

राज्य सरकार स्कूल व जन शिक्षा विभाग, ओड़िशा अधिसूचना संख्या 22554, दिनांक 26.09.2013 के आरटीई अधिनियम के अनुसार NPS और NUPS खोलने के लिए अधिसूचित की गई।

निशुल्क और अनिवार्य शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 की धारा – ६ और ओड़िशा के निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार नियम २०१० के ६(४) के अनुसरण में उक्त नियम की धारा ६(१) में विनिर्दिष्ट सीमा के साथ बच्चों के मानदंड को जोड़कर राज्य में नए प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय खोलने के लिए निम्नलिखित प्रावधान निर्धारित किए गए हैं :

i) नए प्राथमिक स्कूलों का उद्घाटन

क) गैर – केबीके जिलों और गैर – आदिवासी उप – योजना क्षेत्रों में 6-11 वर्ष आयुवर्ग के कम – से – कम 40 बच्चों वाली बस्तियों में नए प्राथमिक विद्यालय खोले गए। बशर्ते 1 कि.मी. की दूरी पर बस्ती के बच्चों के लिए कोई प्राथमिक स्कूल न हो।

ख) केबीके जिलों और आदिवासी उप – योजना क्षेत्रों में 6-11 वर्ष आयुवर्ग के कम से कम २५ बच्चों की बस्तियों में नए प्राथमिक स्कूल खोले गए हैं। बशर्ते ०१ कि.मी. की पैदल दूरी के भीतर कोई प्राथमिक विद्यालय न हो।

ii) नए उच्च प्राथमिक स्कूल का उद्घाटन

क) सभी जिलों में 11-14 वर्ष आयुवर्ग के कम से कम २५ बच्चों वाली बस्तियों में/ बस्तियों के समूह में नए उच्च प्राथमिक स्कूल खोले गए हैं बशर्ते कि 03 कि.मी दूरी के भीतर कोई उच्च प्राथमिक विद्यालय न हो।

ख) सभी जिलों में नदी, पहाड़ और घने जंगल आदि प्राकृतिक अवरोध के कारण नए प्राथमिक व उच्त प्राथमिक स्कूल खोलने के लिए दूरी मानदंड छूट की गई थी।

राज्य के लिए पीएबी (PAB) 2022 – 23 ने किसी भी नए प्राथमिक और नए उच्च प्राथमिक विद्यालयों की मंजूरी दी है। परंतु 11 सरकारी प्राथमिक स्कूलों को उनके संतोषजनक कार्य और नॉर्म के कारण उच्च प्राथमिक स्कूल व जन शिक्षा विभाग ने अनुमोदन किया है।

प्राथमिक स्कूल से उच्च प्राथमिक स्कूलों का उन्नयन

क्र.सं	जिले का नाम	ब्लॉक के नाम	प्राथमिक स्कूलों से उच्च प्राथमिक स्कूलों को उन्नयन स्कूलों के नाम
1	बालेश्वर	जलेश्वर	प्रसादसोल प्राइमेरी स्कूल
2	बालेश्वर	रेमुणा	भूइनपदा प्राइमेरी स्कूल
3	भद्रक	चांदबालि	खटुआसाही प्राथमिक स्कूल
4	भद्रक	तिहिड़ि	कामरिआ प्राथमिक स्कूल
5	जाजपुर	दानगदि	गुहिसाला प्रोजेक्ट प्राथमिक स्कूल
6	जाजपुर	दानगदि	नगड़ा प्रोजेक्ट प्राइमेरी स्कूल
7	जाजपुर	दानगदि	मंडपड़ा प्राथमिक विद्यालय
8	जाजपुर	दानगदि	दानवीर प्राथमिक विद्यालय
9	जाजपुर	दानगदि	समरपित प्राथमिक विद्यालय
10	केंद्रापड़ा	आठल	अरेइकना प्राथमिक विद्यालय
11	केंद्रापड़ा	मार्शाघाई	पेंठबालिकुदा प्राथमिक विद्यालय

स्कूलों का समेकन और युक्तिकरण

स्कूल और जनशिक्षा विभाग अधिसूचना संख्या 5465, दिनांक 11.03.2020 और शुद्धि पत्र 18905, दिनांक 14.12.2020 के आधार पर शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के उद्देश्य से, स्कूलों में युक्तिकरण और समेकन विकसित हुआ है। इसका उद्देश्य है कि परिसर में माध्यमिक स्कूलों में कई एकीकृत स्कूल प्रारंभ करना एवं राज्य साधनों के कुशल संक्रमण और उपयोजन का विकास करना।

उक्तिकरण के विभिन्न प्रकार नीचे पदत्त है :

क) सरकारी प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों को नियत क्षेत्र और केबीके अंचलों में 15 से कम या उसके बराबर एवं अन्य क्षेत्रों में 20 से कम नामांकन वालों को दूरता के बावजूद निकट के स्कूलों के साथ समेकन किया जाएगा।

ख) प्राथमिक अनियत क्षेत्रों के प्राथमिक विद्यालयों में जहाँ 40 से कम नामांकन है और नियत क्षेत्रों में जहाँ 25 से कम है एवं स्कूल जो 01 कि.मी. की दूरी पर स्थित है, उन्हें समेकित किया जाएगा।

ग) एक ही परिसर में स्थित स्कूल को हो अथवा 100 मीटर में नामांकन को ध्यान में न रखते हुए उन्हें समेकित किया जाएगा।

घ) उच्च प्राथमिक स्कूलों के उच्च प्राथमिक कक्षा (I-VIII, VI-VIII), जहाँ नामांकन 20 से कम हो या समान हो, उन्हें भी समेकित किया जाएगा।

२०२० – २१ के तहत सरकार ने ७७५० स्कूलों को समेकन और अग्रणी स्कूलों के लिए सूचित और अनुमोदित किया गया है। वर्तमान ५६९८ सैटलाइट स्कूलों को अग्रणी स्कूलों के रूप में समेकन किया गया है।

परिवहन और अनुरक्षण की सुविधाएँ

सरकार ने स्कूल और जनशिक्षा विभाग ने अधिसूचना संख्या 4661, दिनांक 25.02.2019 के तहत दूरस्थ आदिवासी वाले या पहाड़ी, घने क्षेत्रों या शहरी क्षेत्रों में स्थिति बस्तियों में रहने वाले बच्चों के लिए परिवहन/अनुरक्षण सुविधाएँ और सहायता प्रदान की गई हैं। अथवा शहरी क्षेत्रों जहाँ भूमि की उपलब्धता एक समस्या है या अत्यंत वंचित समूह के बच्चे हैं या विशेष आवश्यकता वाले बच्चे हैं और जिन्हें निम्नलिखित शर्तों के अनुसार स्कूल उपलब्ध न हो।

क) जहाँ बच्चों को स्कूल के युक्तिकरण की नीति के अनुसार सैटलाइट स्कूल (कम नामांकन) को अंग्रेजी कूलों के साथ विलय हेतु आसपास के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्कूलों तक पहुँचने में कठिनाई होती है और वे प्राथमिक स्कूल या आगे जाने के लिए 01 कि.मी. ज्यादा यात्रा करते हैं।

ख) जहाँ कम आबादी वाले बस्तियों के बच्चे हैं और वहाँ स्कूल खोलना संभव नहीं और जहाँ पड़ोसी स्कूल 01 कि.मी दूरी पर स्थित है और उच्च प्राथमिक स्कूल 10 कि.मी. पर स्थित है।

ग) जहाँ बच्चे जंगल क्षेत्रों की बस्तियों में वसवास करते हैं और स्कूल जाने के समय जंगलों पशुओं के अवरोध का उन्हें भय रहता है।

जहाँ बच्चों के बारिश के मौसम में नदी, खाई आदि के कारण किसी भी प्राकृतिक बाधा का सामना करना पड़ता है।

परिवहन और अनुरक्षण की उपलब्धि

श्रेणी	पीएबी द्वारा अनुमोदित बच्चों की संख्या	परिवहन/ अनुरक्षण सुविधा प्रदान बच्चों की संख्या
दूरस्थ बस्तियों में बच्चे	३४६१५	२४८५२

स्कूल से बाहरी बच्चों के लिए विशेष प्रशिक्षण

राज्य सरकार, ओड़िशा, स्कूल व जनशिक्षा विभाग ने वाइड़ अधिसूचना संख्या 6939 दिनांक 31.03.2014 स्कूल के बाहरी बच्चों की परिभाषा घोषित की है। हाउस होल्ड सर्वे, 2021 इन बाहरी बच्चों की पहचान हुई है। कुल 14721, 6 – १४ आयुवर्ग के बाहरी बच्चों की पहचान हुई है और उन्हें आयुवर्ग के अनुसार दाखिला दिया गया है। प्रबंध पोर्टल के अपलोड डेटों के अनुसार बाहरी बच्चों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान के लिए पीएबी २०२२ – २३ ने अनुमोदन किया है।

निम्न में स्कूल से बाहरी बच्चों तथा मुख्यधारा का विवरण प्रस्तुत है :

क्र. संख्या	गतिविधियाँ	पीएबी लक्ष्य २०२२ - २३	भौतिक उपलब्धियाँ
1	OoSC को आवासीय विशेष प्रशिक्षण	36	17
2	OoSC को गैर आवासीय विशेष प्रशिक्षण	427	402
3	OoSC में सीधे नामांकन के लिए विशेष प्रशिक्षण की आवश्यकता नहीं।	14248	14302
	कुल	**14721**	**14721**

प्रशिक्षित न होने वाले स्कूल से बाहरी बच्चों को स्कूल की मुख्यधारा में सीधा शामिल किया गया। कुल 14721 बाहरी बच्चों को स्कूल में प्रशिक्षित किया गया।

प्रवासी परिवार के बच्चों के लिए मौसमी छात्रावास

श्रोत और टार्गेट पएंट में 208 मौसुमी छात्रावासों में पीएबी 2022 – २३ ने ८७७८ प्रवासी बच् को रहने के लिए अनुमोदित किया। इन बच्चों को श्रोतों तथा टार्गेट के अनुसार अगस्त व सितंबर महीने में पहचान की गई। तत्सहित शिक्षकों, सीआरसीसी, पीआरआई सदस्य एवं एसएमसी को भी शामिल किया गया। ये छात्रावास नवंबर, दिसंबर, २०२२ में खोले गए।मौसी छात्रावास की प्रगति निम्न प्रकार है

सरकरी अपर प्राइमेरी स्कूल, भेरुआमुंडा, पाइकमल, बरगड़

प्रवासी छात्रावास के दौरान प्रगति : २०२२ - २३

स्रोत पएंट:आवासिक					
क्र.संख्या	जिलों के नाम	पीएबी टार्गेट		उपलब्धियाँ	
		केंद्रों की संख्या	बच्चों की संख्या	केंद्रों की संख्या	बच्चों की संख्या
1	बरगड़	24	1250	23	1250
2	बलांगीर	80	3500	44	2094
3	कलाहांडि	10	444	10	444
4	नूआपड़ा	75	2836	56	2467
5	मयूरभंज	2	98	2	80
	कुल	191	8128	135	6335
गंतव्य स्थान: गैर-आवासीय					
6	बालेश्वर	2	100	1	64
7	कटक	10	350	6	236
8	खोर्द्धा	5	200	5	200
	कुल	17	650	12	500
	कुल	208	8778	147	6835

राज्य के मुक्त विद्यालयों (SIOS) के संस्थान

हाउसहोल्ड सर्वे – २०२१ ने १५ – १८ आयु वर्ग के ५४६३७ बच्चों की पहचान की है। एसआईओएस केंद्रों में १५ – १६ आयु वर्ग के बच्चों का नामांकन हुआ है। २०२२ – २३ पीएनबी ने १३०५ स्कूल से बाहरी बच्चों को अनुमोदित किया है। इसकी प्रगति नीचे दृष्टव्य है :

एसआईओएस 2022-23 के तहत प्रगति

क्र.संख्या	जिलों के नाम	पीएबी टार्गेट	एसआईओएस केंद्रों में दाखिला लेनेवाले बच्चों की संख्या
1	बौद	64	62
2	ढेंकानाल	50	25
3	गजपति	52	46
4	गंजाम	42	0
5	केंद्रापड़ा	61	2
6	मालकानगिरि	400	4
7	नवरंगपुर	500	237
8	नूआपड़ा	50	8
9	पुरी	86	27
	कुल	**1305**	**411**

उच्च प्राथमिक विद्यालय का माध्यमिक विद्यालय में उन्नयन 2022-23

क्र.संथ्या	जिले का नाम	माध्यमिक स्कूलों की संख्या
1	बलांगीर	1
2	मालकानगिरि	2
3	नूआपड़ा	1
4	सुंदरगढ़	1
	कुल	**5**

माध्यमिक विद्यालय का उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में उन्नयन 2022-23

क्र.संख्या	जिलों का नाम	उच्च माध्यमिक विद्यालयों की संख्या
1	बलांगीर	6
2	देवघर	4
3	गंजाम	8
4	जगतसिंहपुर	1
5	कलाहांड़ी	7
6	कंधमाल	2
7	केउंझर	3
8	मालकानगिरि	5
9	मयूरभंज	1
10	नवरंगपुर	5
11	नयागड़	1
12	नूआपड़ा	4
13	संबलपुर	4
14	सुंदरगढ़	6
	कुल	**57**

३. अवसंरचना का विकास

आरटीई के तहत समग्र शिक्षा में सिविल कार्यों का पूरे राज्य में आवश्कतानुसार आरटीई के मुख्य निर्णयों को प्राप्त करने के लिए भौतिक आधारभूत संरचना प्रदान करना है। इसका मुख्य उद्देश्य है, प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा के सार्वभौमीकरण के साथ प्रासंगिक तथा प्रभावी अधिगम परिणामों के लिए एक स्थायी प्रणाली स्थापित करता है। स्थानीय समुदाय की सक्रिय भागीदारी के साथ स्कूल प्रबंधन समिति (SMC/SMDC) को शामिल करके कार्य निष्पादन करना आरटीई – समग्रशिक्षा की सिविल कार्य की मुख्य विशेषता है। राज्य में स्थायी प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त करने के लिए विस्ता खुला था। यह कहना जरूरी है कि परियोजना को लागू करते समय कई मुद्दों को बताने के लिए लगातार उपयुक्त योजनाएँ बनाई जा रही हैं। ये मुद्दे जमीनी स्तर पर जरूरत मूल्यांकन अध्ययन, प्राथमिकता, धनराशि जुटाना, सीमित उपलब्ध से सही समय पर उचित गतिविधि के उपयोग के लिए अन्य विभागों से संभाव्य संसाधनों की खोज करने पर विश्लेषण करते हैं ताकि परियोजना को पूर्णतः एक वास्तविक आकार दिया जा सके।

यहाँ उल्लेख करना जरूरी है कि कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय (KGBV) जैसी सहयोगी परियोजना निश्चित रूप से एक ही उद्देश्य सहित कार्यक्रम को मुख्य धारा के पूरक बनाने में सफल हैं।

इस परियोजना का उद्देश्य केवल नए स्कूल या अतिरिक्त कक्षा – कक्ष खोलना नहीं है, वरन् शौचालय, लड़कियों के लिए स्वतंत्र शौचालय, रैंप, हैंड्रिल, निर्मल पेय जल की सुविधा, विद्युतीकरण जैसी बुनियादी सुविधाएँ प्रदान करनी है जिससे नामांकन में वृद्धि हो और ड्रॉप – आउट दर भी कम हो जाए।

राज्य में संरचनात्मक आधार वृद्धि करने के लिए स्कूली शैक्षिक स्तर पर योजनाएँ हो रही हैं। इस योजना को कार्यान्वित करने के लिए विभिन्न प्रकार की रणनीतियाँ प्रस्तुत हैं।

राज्य में पंचायतीराज और पेयजल विभाग ने ग्रामीण क्षेत्रों में पानीय जल की सुविधा पर ध्यान दिया है। सीडब्लूएसएन के लिए स्कूल को बाधा – मुक्त बनाने के लिए हर संभव प्रयास जारी है।

प्राथमिक :

सिविल कार्य निष्पादन के लिए मुख्य बिंदु :

- एस.एम.सी/ एस.एम.डी.सी को तीन चरणों में निधि प्रदान करना यानी प्रथम चरण में 40% द्वितीय चरण में 30% और तृतीय चरण में एफएमपी की लागत के अनुसार शेष 30%।
- गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने तथा सिविल कार्यों को सही समय पर पूर्ण करने के लिए तकनीकी सलाहकारों, वरिष्ठ तकनीकी सलाहकारों, जिला परियोजना समन्वयकों द्वारा सिविल इनफ्रॉस्ट्रक्चर की निरंतर निगरानी और पर्यवेक्षण करना।
- जिला परियोजना कार्यालय में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन करना।
- राज्य परियोजना कार्यालय में नियमित अंतराल पर वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक करना।
- जिला स्तर पर सिविल कार्यों का निष्पादन करने वाले समुदाय/ एसएमसी/एसएमडीसी के साथ कुशल कर्मियों/ श्रमिकों का तकनीकी मार्गदर्शन करना।
- स्कूल भवन के निर्माण के तहत अपनाई गई महत्वपूर्ण विशेषताएँ।
- स्थानीय कौशल और स्थानीय रूप से उपलब्ध सामग्री के उपयोग के लिए प्रौद्यगिकियों को ग्रहण करना और पर्यावरण के अनुकूल निर्माण कार्य करना।
- स्कूल सुरक्षा पर राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण दिशा – निर्देश के अनुपालन में बहु – जोखिम प्रतिरोध की विशेषताएँ।
- अधिगम का आनंदमय माहौल।
- एसएमसी और तकनीकी कर्मियों की भूमिका एवं जिम्मेदारी पर एसएमसी सदस्यों का प्रशिक्षण, उचित योजनाओं का चयन, श्रम शामिल करना, सामग्री खरीदना तथा निर्माण – कार्य की तैयारी एवं सुनिश्चित, खाता प्रबंधन एवं परवर्ती – निर्माण कार्य आदि को रखरखाव की स्थिति की ओर ले जाना।
- गुणवत्ता नियंत्रण

निगरानी और पर्यवेक्षण

- संबंधित जिले के वरिष्ठ तकनीकी सलाहकार और वित्तीय सलाहकार नियमित अंतराल पर एसपीओ के साथ वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए समीक्षा बैठक में भाग लेते हैं।
- डीपीओ में यूसी जमा करने के साथ – साथ छत कॉस्चिंग और एकाउंट सेटलमेंट जैसी दो महत्वपूर्ण गतिविधियों का टीसी के लिए साप्ताहिक कार्य योजना का लक्ष्य निर्धारित करना।
- साप्ताहिक समीक्षा बैठक जिला परियोजना कार्यालय में डीपीसी और मासिक बैठक कलेक्टर – सह – अध्यक्ष द्वारा की जाती है।
- मोबाइल फोन का उपयोग कर पीएमए के माध्यम से निगरानी।
- भौतिक और वित्तीय प्रगति की समीक्षा।

- बिल भुगतान से पहले ओपीडब्लूडी/ समग्र शिक्षा के दिशा – निर्देश के अनुसार माप पुस्तिका (एमबी) की जाँच।
- क्षेत्रीय स्तर पर तकनीकी सलाहकार द्वारा सम्मुखीन होने वाली विभिन्न चुनौतियों और समाधान पर चर्चा।
- निधि प्रवाह, खोते का निपटान और यूसी जमा।

समुदाय के लिए तकनीकी मार्गदर्शन

